प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- चुनाव आयोग आज दोपहर बाद साढ़े तीन बजे झारखंड विधानसभा चुनाव कार्यक्रमों की करेगा घोषणा।
- कांग्रेस और झामुमो ने झारखंड में समय से पहले चुनाव कराने के आयोग के फैसले पर जतायी आपत्ति, भाजपा ने कहा– डरी हुई है हेमंत सरकार।
- झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा कोर कमिटी की आज दिल्ली में बैठक, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में प्रत्याशियों के नाम होंगे तय।
- झामुमो का दावा– सीटों के बंटवारे को लेकर गठबंधन के घटक दलों में बन चुकी है सहमति, चुनाव तिथियों की घोषणा होते ही सीट शेयरिंग का फार्मूला किया जायेगा सार्वजनिक।
- मौसम विभाग ने आज जमशेदपुर, चाईबासा और सरायकेला समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश का जताया पूर्वानुमान, 20 अक्तूबर के बाद होगी ठंड की शुरुआत।

****

चुनाव आयोग आज झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। आयोग नई दिल्ली में दोपहर 3.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की घोषणा करेगा। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 5 जनवरी को समाप्त हो रहा है जबकि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल अगले महीने की 26 तारीख को समाप्त होने वाला है।

****

कांग्रेस पार्टी ने राज्य में समय से पहले चुनाव कराने के आयोग के फैसले पर आपत्ति जतायी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने कहा है कि महाराष्ट्र के साथ झारखंड में चुनाव कराना न्यायसंगत नहीं है।

****

इस बीच राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी महाराष्ट्र के साथ झारखंड में चुनाव कराये जाने के फैसले पर नाराजगी जतायी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है।

****

इधर, भाजपा ने महाराष्ट्र के साथ झारखंड में चुनाव कराने के फैसले का स्वागत किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता जाने का भय अभी से सताने लगा है। यही वजह है कि झामुमो और कांग्रेस चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठा रही है।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमिटी की आज दिल्ली में बैठक होगी। बैठक में प्रदेश भाजपा के नेताओं के अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होने की संभावना है।

****

इधर, झामुमो ने भी इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच भी सीट शेयरिंग का फार्मूला तय कर लेने का दावा किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा कि चुनाव तारीखों की घोषणा के तुरंत बाद सीट शेयरिंग का फार्मूला सार्वजनिक कर दिया जायेगा।

****

जदयू नेता सरयू राय ने दावा किया है कि 2024 के विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित है। जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है, जिसका फायदा एनडीए को होने जा रहा है।

****

केन्द्र सरकार ने रांची से गोरखपुर के लिए एक नयी ट्रेन की सौगात दी है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से इस साप्ताहिक ट्रेन का शुभारंभ किया। रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेल की आधारभूत संरचनाओं में लगातार प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी 57 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

साउंड बाइट – संजय सेठ – 21 सेकेंड

****

हजारीबाग के बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र में आज दीक्षांत परेड समारोह संपन्न हुआ। समारोह में कुल 373 नवआरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महानिरीक्षक के.एस.बनियाल ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने नव आरक्षकों को बधाई दी।

****

गिरिडीह जिले की मधुवन थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ट्रक से 50 लाख रुपए मूल्य की अंग्रेजी शराब जब्त की है। एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि ट्रक में शराब को भूसे के नीचे छिपा कर रखा गया था। उन्होंने बताया कि ट्रक का रजिस्ट्रेशन उत्तर प्रदेश का है।

****

मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई श्री अन्न योजना का बोकारो के किसानों पर खासा प्रभाव देखने को मिल रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने आज पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिले में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया का असर राज्य पर दिखायी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 20 अक्तूबर से राज्य में ठंड की शुरुआत हो जाने की संभावना है।

*********समाप्त********